व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, भोपाल

"चयन भवन" मेन रोड नं. 1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल–462011

(700)

क्रमांक व्यापम/5–प–1/35/2033/2014 भोपाल, दिनांक 29/3/2014

/ आदेश /

म0प्र0 राज्य दुग्ध महासंघ मर्यादित के अनुरोध पर मंडल द्वारा विगत दिनांक 23.09.2012 को कुल 39 प्रकार के पदों हेतु भर्ती परीक्षा का आयोजन सुनिश्चित किया गया । इस परीक्षा के अंतर्गत उप पुलिस अधीक्षक, एस0टी0एफ0 मुख्यालय, भोपाल द्वारा पत्र क0 उपुअ/एसटीएफ/एम–130/2014 दिनांक 29.01.2014 के माध्यम से मंडल से चाही गयी जानकारी के प्रकाश में इस भर्ती परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के डाटा में उपलब्ध प्रावीण्य (मेरिट) सूची तथा उत्तर शीट्स की मेपिंग डाटा का परीक्षण/मिलान करने पर अनुक्रमांक 202330, 200197, 200764, 202333, 203244, 204715, 201355, 204392, 204893 एवं 202094 के अंतिम परीक्षा परिणाम में त्रुटि पाई गई ।

2. म0प्र0 राज्य दुग्ध महासंघ मर्यादित भर्ती परीक्षा 2012 के अंतर्गत परीक्षा में सम्मिलित 10 अभ्यर्थियों अनुक्रमांक क्रमशः 202330, 200197, 200764, 202333, 203244, 204715, 201355, 204392, 204893 एवं 202094 के उत्तर शीट्स की मेपिंग के डाटा व प्रावीण्य सूची में प्रदर्शित परीक्षा परिणाम के अंकों के अंतर से यह पूर्णतया स्पष्ट होता है कि उक्त अभ्यर्थियों द्वारा मंडल के तत्कालीन नियंत्रक, कम्प्यूटर शाखा प्रभारी एवं कम्पयूटर शाखा के अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी की मिलीभगत से परीक्षा में अनुचित लाभ प्राप्त किया गया है एवं प्रश्नाधीन परीक्षा में सफलता प्राप्त करते हुए प्रावीण्य सूची में स्थान भी प्राप्त किया गया है । इस तथ्य के प्रकाश में अनुक्रमांक 202330, 200197, 200764, 202333, 203244, 204715, 201355, 204392, 204893 एवं 202094 (10 अभ्यर्थियों) को यू0एफ0एम0 प्रकरण मान्य करते हुए प्रश्नाधीन परीक्षा की नियम पुस्तिका की कंडिका 2.11 (अनुचित साधन) के तहत इनका परीक्षा परिणाम निरस्त किया जाता है ।

(अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित)

संचालक
व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
भोपाल

पृ0 क्रमांक व्यापम/5–प–1/35/ /2014 भोपाल, दिनांक

प्रतिलिपि –

1. अध्यक्ष, व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, भोपाल की ओर सूचनार्थ ।
2. प्रमुख सचिव, म0प्र0शासन, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, मंत्रालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ ।
3. प्रबंध संचालक, म0प्र0 दुग्ध महासंघ मर्यादित, दुग्ध भवन, दुग्ध मार्ग हबीबगंज, भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आगामी कार्यवाही हेतु ।
4. अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, स्पेशल टास्क फोर्स, मध्यप्रदेश, 7वीं वाहिनी के बगल में, जहांगीराबाद, भोपाल की ओर सूचनार्थ ।

संचालक
व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
भोपाल